Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 14-11-2022 | अंक 400

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### करवाई की मांग : ग्रामीणों ने अधिकारियों से की डीलर की शिकायत

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो के ग्रामीणों ने डीलर सावित्री देवी (ओरपरता) पर अक्टूबर माह का चावल, नमक और गेहूं ना देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को अधिकारियों को आवेदन दिया। उन्होंने आवेदन के माध्यम से अधिकारियों को बताया की लगभग 35 - 40 लोगों को अक्टूबर माह का राशन नही दिया गया। उपभोक्ताओं ने बरही एसडीओ, बीडीओ और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने का गुहार लगाया है। शिकायत करने वाले लोगो में मो इस्लाम, मो जिब्राइल, महफूज, गुलाम, मुस्तफा, मो याकूब, आजाद अंसारी, मो खलील, मो सेराज, गुलाम नबी सहित कई अन्य लोग शामिल है।

### सर्पदंश से महिला गंभीर, रेफर

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के कुटुमा निवासी सानिया देवी उम्र 45 वर्ष पति हीरालाल हांसदा को जहरीला सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर हो गई, जानकारी मिलने पर उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### नवोदय स्कुल प्रवेश परीक्षा में सफल हुए शिवम



बरकट्ठा प्रखण्ड ग्राम बरकट्ठा निवासी शिवपूजन कुमार का पुत्र शिवम गुप्ता ने नवोदय विद्यालय वर्ग 6 की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की शिवम ने बरकट्ठा चट्टी निवासी शिक्षक अजय गुप्ता के देखरेख में तैयारी की व सफल हुए इस सफलता पर शिक्षक अजय गुप्ता ने कहा सफल होने के लिए लगन व छात्रों की मेहनत की आवश्यकता होती है वही सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों व शिक्षकों को दिया इनकी सफलता पर स्थानीय समाजसेवी दर्शन सोनी, सुनील श्रीवास्तव, बिंदु सोनी, अशोक कुमार गुप्ता दिलीप कुमार दास, बबलू गुप्ता, राजू गुप्ता, दिनेश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, मेवालाल गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया व शिवम की उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

APEM LIVE

# बाल दिवस पर अपेम वेलफेयर फाउंडेशन ने किया बेहतर उपस्थिति एवं अनुशासन प्रिय 32 बच्चो को पुरस्कृत

## मध्य विद्यालय बेंदगी में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, दिखाई प्रतिभा





बच्चों को पुरस्कृत करते अपेम के अधिकारी एवं अन्य





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय अध्यक्ष दिनेश साव, प्रधानाध्यापक सुरेश रजक, राजेंद्र केशरी, मोहिउद्दीन अंसारी, रिजवान अहमद सहित सभी सरकारी एवं सहायक अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर ही वर्ग प्रथम से वर्ग अष्टम तक प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चों के साथ साथ प्रत्येक कक्षा सबसे अनुशासन प्रिय छात्रों को पठन पाठन सामग्री देकर अपेम अध्यक्ष कृष्ण प्रजापति , चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने शिक्षकों के साथ मिलकर सम्मानित किया। जिन्हे सम्मानित किया गया उनमे कक्षा प्रथम से सागर कुमार, राजकुमार, अंशु कुमारी, आशिका कुमारी, कक्षा दूसरा से आशीष कुमार, ड०ली कुमारी, विहान राज पंडित, अंकिता कुमारी कक्षा तृतीय से शिवराज कुमार राणा, खुशबू कुमारी, शिवम प्रजापति, महेनवाज सदम,कक्षा चतुर्थ से अंकित कुमार, नेहा कुमारी, भीम कुमार, नंदनी कुमारी, कक्षा पंचम से कुंदन कुमार, कुशल कुमारी यादव, अमित कुमारी, निर्जला कुमारी, कक्षा छठा से सुमित कुमार, पुष्पा कुमारी, आशीष कुमार, परी कुमारी, कक्षा सप्तम से ओम कुमार, ललिता कुमारी, मो सद्दाम, नीतू कुमारी, कक्षा अष्टम से शिवम कुमार, निशु कुमारी, उमा शंकर, चांदनी कुमारी शामिल हैं। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी अपेम की ओर से सम्मानित किया गया। इसमें भाषण में भीम कुमार, जन्नतुन निशा, स्वीटी कुमारी, नृत्य में प्रथम चांदनी कुमारी, द्वितीय विद्या कुमारी, तृतीय पुष्पा कुमारी नाटक में प्रथम में स्वीटी ग्रुप, द्वितीय भगत सिंह ग्रुप, तृतीय चांदनी ग्रुप शामिल थी। सभी को ट्र०फी, मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथी कार्यक्रम को सफल बनाने वाले अध्यक्ष दिनेश साव, नेमधारी रविदास, हीरो रविदास एवम जुबेर अंसारी को भी डायरी पेन देकर अपेम की ओर से सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से बिस्किट एवं केक वितरण किया गया। बच्चो ने सामूहिक रूप से नृत्य कर खूब आनंद उठाया। मौके पर राणा निखत, उषा राम, सरोज देवी, संध्या कुमारी, सरिता कुमारी, रेखा कुमारी, नसरीन बानो, लक्ष्मी कुमारी, महेश यादव, मुन्ना यादव सहित बच्चे मौजूद थे।

# बारियट्ठा मोड़ के नजीदक से मिला अज्ञात युवक का शव, नही हो पाई शिनाख्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बारियठा मोड़ के नजदीक से अज्ञात युवक का शव मिला। जिसका सूचना मिलते ही बरही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपना कब्जा में लिया। बरही पुलिस ने बताया की सूचना के सत्यापन के क्रम में ज्ञात हुआ कि अज्ञात व्यक्ति को कहीं दूसरे स्थान से लाकर अज्ञात अपरा. धियों द्वारा गोली मारकर शव को झाड़ियों में छिपा दिया। शव का विवरण निम्न प्रकार है उम्र करीब 25 - 30 वर्ष, ऊंचाई करीब 5 फीट 7 इंच, रंग गेहूंवा, बाल काला, हल्की दाढ़ी, आंख खुला हुआ, नाक खड़ा, मुंह हल्का खुला हुआ, गला में रुद्राक्ष की माला, कमर में काला रंग का धागा, पहनावा ब्लू रंग का जंघिया, सफेद ब्लू जॉकी कंपनी का हाफ पेंट छींटेदार, काला रंग का जींस पेंट जिसके बटन में एल पी जींस लिखा हुआ है, काला रंग का बेल्ट, ब्लू रंग फूल बांह का टी शर्ट, जिसके बीच सफेद रंग का पट्टी है। शव का समीक्षा करने पर शव के पेट के बांए तरफ ऑपरेशन जैसा दाग पाया गया। वहीं बरही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## माउंट ऑलिवेंट स्कूल गुडियो में मनाई गई बाल दिवस, बच्चो के बीच मिठाई का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बच्चो के बीच मिठाई का वितरण

गुड़ियो विजैया में संचालित माउंट ऑलिवेंट स्कूल के प्रांगण पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती बाल दिवस के तौर पर मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय यादव ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद सभी शिक्षकों ने बारी बारी से पुष्पर्चन कर श्रद्धा व्यक्त किया। उसके बाद विद्यालय की ओर से सभी बच्चों के बीच हेड मास्टर विजय कुमार यादव ने मिठाई वितरण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय कुमार यादव ने कहा की चाचा नेहरू को बच्चो से काफी लगाव था। उन्होंने सिख दी की जिस प्रकार चाचा नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम था , उसी तरह से हम लोगों को भी बच्चों के बीच प्रेम रखकर शिक्षा देना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित हेड मास्टर विजय कुमार यादव, इंचार्ज राजदेव यादव,रेखा, कंप्यूटर शिक्षक मुकेश यादव, एवं दीपक शर्मा, इंदर देव शर्मा, दिलीप भारती ,संदीप कुमार ,बहादुर, सकलदेव ,मनोज ,भगवान प्रसाद ,अंजू, रेनू ,रीना, काजल ,ममता, जीनत , ट्विंकल आदि उपस्थित थे

## रेन्बो स्कूल में धूमधाम से मनाया गया चाचा नेहरू का जन्मदिवस

### बाल दिवस पर बच्चों ने की खूब मस्ती





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में सचलित रेन्बो स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चाचा नेहरू को याद किया गया। बच्चों ने लाल नेहरू के चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं केक काटकर किया। इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता भी कराई गई। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा कहा कि नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। भारतीय राजनीति में केंद्रीय व्यक्तित्व थे। कहा कि जवाहर लाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री थे। वह बच्चों से बेहद प्यार करते थे, इसलिए उनके जन्मदिन को हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने बच्चों को चाचा नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के बच्चो ने नृत्य, गान, भाषण का भरपूर आनंद उठाया एवं खूब मस्ती किया। कार्यक्रम में शामिल होने वालो बच्चों में निशी कुमारी, सिंधु कुमारी, मधु कुमारी, सोनम कुमारी, एंजल कुशवाहा, सुधीर कुमार, धीरज कुमार, सुनील कुमार, मनीष कुमार आदि है। मौके पर शिक्षको में पंचम पांडेय, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, पूजा दुबे, सुधा कुमारी, स्वेता कुमारी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## खोड़ाहर में कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न, अनिल यादव बने अध्यक्ष व राजेश उरांव बने सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत सोमवार को बरही प्रखण्ड के खोड़ाहर पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से अनिल यादव को खोड़ाहर पंचायत का अध्यक्ष व रा. जेश उरांव को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्घ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को आजादी की लड़ाई के दौरान जान गवानी पड़ी थी। गांधी जी, पं. नेहरू, सरदार पटेल जैसे दिग्गज नेताओं को जेल जाना पड़ा था। देश की आजादी से लेकर नव निर्माण तक कांग्रेस का योगदान सर्वाधिक रहा है। विकास का जो खाका आज दिखाई दे रहा है। वह कांग्रेसियों के बलबूते ही तैयार हुआ है। पार्टी इन्ही विचारों को लेकर आज बढ़ रही है। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मनोहर यादव, परमेश्वर यादव, छोटेलाल यादव, मनोज यादव, संजय साव, मनीष यादव, राजेश उरांव, गणेश मेहता, सुनील उरांव, संतोष यादव, प्यारेलाल यादव, इंद्रदेव यादव, अनिल यादव, मुकेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बच्चो को पुरस्कृत करते निदेशक सुनील दत्ता

झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल कृष्णापुरी बरही में बाल दिवस पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 नवंबर एवं 12 नवंबर को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ ,गणित रेस, कुर्सी रेस ,घड़ा फोड़ ,च०कलेट रेस, क्रिकेट एवं कबड्डी जैसे खेल करवाए गए । जो बच्चे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए, उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट में क्लास 9 एवं क्लास सेवेन विजेता रहे । कबड्डी में क्लास सेवेन एवं क्लास फोर की लड़कियां बाजी मारी। मैथ रेस में सभी क्लास से प्रथम, द्वितीय ,तृतीय क्रमशः क्लास 2 लड़कों में अरशद ,रौनक एवं प्रतीक लड़कियों में सादिया, सना, रोशनी क्लास वन में प्रिंस, सत्यम, फैजान लड़कियों में मिस्टी ,रिद्धि क्लास 3 में नितेश, सलोनी ,अमीषा, आकृति, क्लास फोर में अभिषेक, वैष्णवी ,आराध्या, लाडली, नूरिन , क्लास 5 से शहजाद, प्रिया, नुसरत क्लास सिक्स नितेश राणा ,साकिब, आलिया, क्लास सेवंथ से पीहू ,रुखसार ,साहिबा ने जीत हासिल की। 100 मीटर रेस में क्लास दो से आदिल ,अदनान ,असद क्लास 3 से नितेश, अयान, प्रिंस क्लास फोर से सोनू, अभिषेक ,चांद क्लास 5 से शहजाद ,फैजल, अमन क्लासिक से कृष्णा, मिसबा. हउल, नितेश क्लास सेवन से राहुल ,भास्कर ,धीरज क्लास 8, 9 ,10 से रिजाउल,सागर ,नमन कुर्सी रेस में क्लास एलकेजी से दीपराज एवं कृतिका क्लास यूकेजी से एमडी अदनान ,सानिया क्लास वन से आदिल ,वरसाद क्लास टू से रुकैया आलिया क्लास सेवन से रुखसार क्लास एट एवं 9 से गुलनाज एवं माहीनों एवं विभिन्न खेलों में सभी कक्षाओं के बच्चों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता, प्राचार्य सुशील कुमार , नोडल प्रभारी प्रमोद कुमार, प्रतिमा कुमारी सिन्हा, अवकाश गिरी, शाहजहां खातून, विलासिनी रॉय ,शांति राणा, इत्तीसाम प्रवीण ,बेबी मुस्कान ,पूजा कुमारी, मोहम्मद सबा आदि का विशेष योगदान रहा।

## रॉयल ऑर्किड स्कूल में बाल दिवस को फूड फेस्टिवल का आयोजन, बच्चो ने खुद बनाई रेसिपी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चकुराटांड़, रसोइया धामना बरही में संचालित आरओआईएस में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाल दिवस को यादगार बनाने के लिए स्कूल ने स्कूल परिसर में फायर फ्री फूड फेस्टिवल का आयोजन किया है। पानीपुरी, वेज मंचूरियन, चॉको बॉल्स, स्विस रोल केक, दाह-बल्ला, फ्रूट कस्टर्ड, झालमुरी आदि तरह-तरह की रेसिपी के साथ विद्यार्थियों ने उत्सव में उत्सुकता से भाग लिया। सभी आइटम स्वादिष्ट थे और छात्रों ने शिक्षकों के बीच अपने आइटम बेचे और छात्र एवं छात्राएं अपनी-अपनी कमाई से बहुत खुश हुए। प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों के सामने इस दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने छात्रों पर गर्व है क्योंकि वे इस प्रकार की सभी गतिविधियों में बहुत उत्साहित हैं और उन्होंने भोजन के आर्थिक मूल्यों को भी सीखा। समारोह की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और केक काटकर की गई। फिर छात्रों ने अपने भोजन उत्सव की शुरुआत की और उन्होंने पूरे दिन आनंद लिया। आखिर में स्कूल की ओर से सभी छात्रों के बीच एक टोकन गिफ्ट और नाश्ता भी दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक संजय रविदास, शिव कुमार पाठक, प्रतिमा कुमारी, मुजीबुर रहमान, उषा देवी, रीता कुमारी, पूजा देवी, शेरोन थ०मस, सुनील पांडे, लक्ष्मी कुमारी, पवन कुमार, प्रशांत कुमारी, सूरज कुमार, सिमी सिंह, शुभाशीष पाईन, पंकज कुमार और आलोक कुमार ने सराहनीय योगदान दिए।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## +2 उत्क्रमित विद्यालय विजैया में धूम धाम से मनाया गया चाचा नेहरू की जयंती, जिला जी उपाध्यक्ष किशुन यादव हुए शामिल





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत +2 उत्क्रमित विद्यालय विजैया में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। वहीं उनका जोरदार स्वागत किया गया, विद्यालय में निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से उन्होंने विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे। वहीं शिक्षकों ने विद्यालय में चारदिवारी और शौचालय का निर्माण एवं विद्यालय से गुजरी बिजली के ग्यारह हजार वोल्ट की तार को हटाने को लेकर लिखित आवेदन दिया। वहीं बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसका जिसका उद्घाटन उन्होंने फीता काटकर किया। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो फारूक आलम, अध्यक्ष बीरेंद्र कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर,वार्ड सदस्य त्रिलोकी राना, सहायक शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, वेद प्रकाश, कुलदीप राना, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, निर्मल कुमार, सुरेंद्र कुमार दास, सुभाष कुमार सिंह, आरिफ अंसारी, राजेंद्र प्रसाद, नरेश कुमार, सुनीता कुमारी, मेघलाल महतो, केदार महतो, रवींद्र किशोर वर्मा, बसंत नारायण, गणेश शर्मा एवं आसिम अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## नव प्राथमिक विद्यालय डुमरियाडीह में धूम धाम से मनाया गया बाल दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के डुमरियाडीह नव प्राथमिक विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबो.धित करते हुए मो कयूम ने कहा की भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को प्यार से चाचा नेहरू कहा जाता था। बच्चों के प्रति नेहरू का प्रेम जगजाहिर था, जिसके कारण जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बच्चों के नाम समर्पित कर दिया गया। प्रत्येक वर्ष पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के भारतवर्ष में बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। पंडित नेहरू का जन्म 14 नवंबर को हुआ था ऐसे में प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, पंसस प्रतिनिधि रमजान अंसारी, शिक्षक मंसूर आलम, लियाकत अंसारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तैयब अली, साजिदा खातून, फुलिया खातून, मो युनुस, नईमुद्दीन, साजिद सहित विद्यालय के सैकड़ों अन्य विद्यार्थी मौजूद थे।

## अंबेडकर कोचिंग सेंटर में मनाया गया पंडित जवाहरलाल नेहरू की 131वीं जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पंडित नेहरू की जयंती मनाते कोचिंग के शिक्षक एवं बच्चे

धनबाद रोड स्थित अंबेडकर कोचिंग सेंटर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी की 131 वी जयंती मनाया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजय बरनवाल एवं मंच संचालन आलोक कुमार बरनवाल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू जी की तस्वीर पर फूल अर्पित करके किया गया ।त. त्पश्चात डॉ संजय बरनवाल ने कहा कि हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए । शिक्षक संजय कुमार दुबे जी ने अपने विचार को रखते हुए कहा कि नेहरू जी को बच्चों से बेहद लगाव था । वह बच्चों को गुलाब का फूल मानते थे। इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा कहते थे। शिक्षक मनोज कुमार घोष ने कहा कि नेहरू जी को देश से इतना प्रेम था कि लाहौर अधिवेशन के अंतर्गत पहली बार 31 दिसंबर 1929 ईस्वी को रावी नदी के तट पर तिरंगे को 12:00 बजे रात में फहरा दिए । वह देश की खातिर कितने बार जेल गए। परंतु फिर भी इनका मनोबल कम नहीं हुआ और देश की आजादी प्राप्त करने के बाद यह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा शिक्षिका शालू प्रिया ने किया। आज के इस कार्यक्रम में कोचिंग के बच्चे, करण कुमार रितिक कुमार अमित कुमार यादव अभिनव घोष पीयूष कुमार शिवकुमार स्वाति कुमारी रानी कुमारी प्राची कुमारी कल्पना कुमारी ममता कुमारी रोशनी कुमारी सुहानी परवीन हिना परवीन बुलबुल कुमारी सादिया परवीन निक्की प्रीति कुमारी सोनी कुमारी रौनक परवीन रूपेश कुमार माया कुमारी प्रियंका कुमारी खुशबू कुमारी नीलम कुमारी नीतू कुमारी अंजली कुमारी रिया कुमारी अनिता कुमारी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन,


### बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत, दिखाई प्रतिभा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित रसोईया धमना के सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरु की जन्मदिन बाल दिवस के तौर पर मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार निदेशक टुकलाल साव, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद और अन्य शिक्षकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर की ।कार्यक्रम का मंच संचालन श्वेता राजलक्ष्मी ने किया द्य नर्सरी क्लास से लेकर 5 क्लास तक के नन्हे–मुन्ने बच्चों के द्वारा रोल प्ले किया गया। जिसमें बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण, राधा, ड०क्टर ,टीचर ,परी, फौजी इत्यादि का रोल निभाकर दर्शकों का दिल जीत लियाद्य बच्चों ने चाचा नेहरू के वेश में मंच पर व०क किया द्यकक्षा 6 से लेकर 10 वीं तक के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें बच्चों ने भाषण ,गीत ,संगीत शायरी इत्यादि प्रस्तुत किएद्य बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई सीनियर वर्ग द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया द्य बच्चों ने खूब मस्ती कीद्य कई अन्य कार्यक्रम भी कराया गया द्य रोल प्ले में नर्सरी क्लास से युविका राणा ने परी का रोल निभाकर प्रथम स्थान प्राप्त की । वहीं मिष्टी गुप्ता कक्षा यूकेजी जिसने ड०क्टर का रोल निभाया द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही टिशू कुमार यूकेजी जिसने फौजी का रोल निभाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 से 5 में रोल प्ले में कक्षा 1 से आलोक राज जिन्होंने भगवान श्री कृष्ण का रोल निभाया प्रथम स्थान प्राप्त किया ।वहीं कक्षा 4 से सोनम प्रवीण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जो कि राधा रोल निभाई। शिवांगी कुमारी कक्षा 4 जिन्होंने झांसी की रानी का रोल निभाया तृतीय स्थान प्राप्त की द्य गीत संगीत में कथा में कृष्णा कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा नवम से जिन्नत प्रवीण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 5 से अनुष्का यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में कक्षा नाइंथ से प्रीति राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । वही कक्षा 9 से ही रंजना कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 6 से पिंकी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अजय कुमार, अरुण कुमार ,नरेश कुमार ,अमर प्रकाश रवि ,शिक्षिका विभा शर्मा कल्पना कुमारी ,कोमल कुमारी, प्रियंका कुमारी ,अनामिका कुमारी ,नुरेसा खातून इत्यादि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आर्यभट्ट संस्थान में सेमिनार आयोजित कर दिए गए सफलता की टिप्स

### लक्ष्य कर किया गया मेहनत कभी बेकार नहीं जाता : डीके सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बच्चो को संबोधित करते सुपर 30 के हेड डीके सिंह

हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीव्यूट ऑफ आर्ट्स,कॉमर्स एंड साइंस में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि सुपर 30 फेकल्टी के हेड डी के सिंह शामिल हुए। जिसमें विज्ञान के विद्यार्थियों को जेईई मेन, एडवांस और नीट के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी को ले कर बच्चों को स्मार्ट टिप्स दिए गए। ताकि बच्चे सही समय पे सही मार्ग की ओर जा सके। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि बच्चों को समय समय पर सेमिनार का आयोजन कर आर्य भट्ट संस्थान बच्चों के लिए एक मारदर्शन देने का कार्य करती है । जिसके आधार पर वो अपने सपनों की बुनियाद को और मजबूत कर जीवन मे सफलता को अर्जित कर सके। मौके पर संस्थान के संचालक अरुण शर्मा, शिक्षक रमेश महतो, कमलकांत,निशि राणा, नितेश गोस्वामी, नीतू यादव, रूपा प्रजापति, सिमा यादव, चंदन कुमार, कुंदन राणा, कमल प्रजापति थे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में विज्ञान प्रदर्शनी सह आनंद मेला का आयोजन

### बच्चो ने खुद बनाई सामग्री की लगाई फूड प्रदर्शनी





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में विज्ञान प्रदर्शनी सह आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभा. रंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि विनोद यादव (विधायक प्रतिनिधि), विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहू, अध्यक्ष अमित कुमार और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरूचि, एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शनी से भैया-बहनों में स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में भैया-बहनों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कंप्यूटर आदि विषयों पर म०डल प्रस्तुत किया। विज्ञान के क्षेत्र से भैया-बहनों ने 3क होलोग्राम, लेजर सिक्योरिटी, पावर बैंक, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, अर्थक्वेक अलार्म आदि का प्रारूप तैयार कर अपनी प्रतिभा को साबित किया। वहीं इस प्रदर्शनी के साथ बच्चों और अभिभावकों के लिए कई प्रकार के खाने - पीने के तरह-तरह के स्टॉल आदि भी लगाये गये थे, जिसमें इडली-सांभर, भेज बिरयानी, छोले भटूरे, गुलाब जामुन, वेजिटेबल च०प, लिट्टी चोखा, दही बाड़ा, समोसा, मोमोज, चौमिन, पानीपुरी, ढोकला, चनाचूर आदि आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे, जिनका सबने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ अभिभावकों ने भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। वहीं छात्रों से उनके द्वारा निर्मित म०डलों से संबंधित प्रश्न भी पूछा, जिसका सभी ने जवाब दिया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव, पंकज जी, नरेंद्र जी, कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोडरमा के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू और विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रेक्षक चंद्र किशोर उरांव ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही (हजारीबाग) : प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रेक्षक उत्तरी छोटनागपुर प्रमंडल (कमिश्नर) चंद्र किशोर उरांव सोमवार को बरही पहुंचे। मौके पर आयुक्त ने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के गतिविधियों का बरसोत के बूथ संख्या 341, 42 करियातपुर के बूथ संख्या 364, 65, 66 और धनवार के 360, 61, 62 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीधे मतदाताओं से भी संपर्क कर वार्ता कर कार्यक्रम का जायजा लिया। वहीं बीएलओ से भी बात किए और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया कि जहां ज्यादा मतदाता है और इंटीरियर एरिया है, वहां शिविर लगाकर मतदाताओं को जोड़ना है। साथ ही कहा कि जिनकी उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष पूरा हो रहा है वैसे सभी युवाओं को नाम जोड़े। जिनके वोटर आईडी में कोई त्रुटि या दावा हो उन्हें सुधार करें। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह -अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर, बरही, उप निर्वाचन पदाधिकारी हज़ारीबाग, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह बरही बीडीओ कृष्टिना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी बरही के सावना मांझी, सुपरवाइजर, बीएलओ आदि उपस्थित थे।

## ग्रिजली स्कूल में धूम धाम से मनाई गई बाल दिवस







**अपेम लाइव : डोमचांच**
**राजेश मेहता**

डोमचांच के ग्रिजली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस ,बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही धूमधाम से तथा केक काटकर किया गया जिसमें हमारे विद्यालय के निर्देशक मिथिलेश कुमार, मिथिलेश यादव एवं सुरेश कुमार सहित हमारे प्रधानाचार्य अमित कुमार सिन्हा एवं स्कूल के सारे शिक्षक गण इंद्रेश कुमार, पंकज कुमार, सुधांशु कुमार ,आदित्य कुमार, सूरज कुमार, गौरव कुमार, रानी कुमारी ,बबली देवी, अनन्या कुमारी इत्यादि एवं छात्र-छात्राएं प्रतिज्ञा कुमारी ,प्रिया कुमारी ,शाजिया परवीन ,श्रद्धा कुमारी, सुष्मिता कुमारी इत्यादि सभी बाल दिवस के अवसर पर सम्मिलित हुए।


## असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर में घुसकर क्लास रूम का ताला तोड़कर की तोड़फोड़











**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां थाना क्षेत्र के बासोडीह पंचायत के बरियारडीह स्थित राज्य संपोषित 10+2 उच्च विद्यालय में रविवार की रात्रि असामाजिक तत्वों ने विद्यालय परिसर में घुसकर क्लासरुम का ताला तोड़कर दीवार पर लगे, पेंटिंग का पोस्टर,बैनर लगे को फाड़ दिया तथा क्लासरुम में रखे करीब आधा दर्जन बेंचो को भी तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है इस संबंध में सुबह जब शिक्षक विद्यालय परिसर में पहुंचे तो क्लासरुम का दरवाजा, पोस्टर बैनर के साथ साथ टूटे बेंच को देखते ही चकित रह गए।तब जाकर इस घटना की जानकारी सतगावां पुलिस व वरीय अधिकारियों को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही बीइईओ शेख शकील अहमद व एएसआई सुजीत सिंह अपने अपने दलबल के साथ पहुंचकर हर पहलुओं पर घटना की जानकारी विस्तार रूप से लिए वहीं पूर्व में भी स्कूल परिसर में अज्ञात चोरों के द्वारा यहाँ रखे दर्जनों कंप्यूटर सहित अन्य सामग्रियों का चोरी कर लिया गया था और प्रधानाचार्य के द्वारा 2 बार पूर्व भी कंप्यूटर चोरी का मामला भी दर्ज कराया गया था लेकिन 3-4 वर्ष बीत गए लेकिन आजतक उन चोरों का पता सतगावां पुलिस नहीं लगा पायी जिससे चोरों का मनोबल दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है।वहीं विद्यालय परिसर के आसपास मनचलों व असामाजिक तत्वों के लोग को हमेशा घूमते हुए देखा जाता है जहाँ पढ़ने के लिए आते जाते छात्राओं पर अश्लील कमेंट करते देखे जाते हैं जिससे इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राएं असहज महसूस करती है मनचलों के द्वारा छात्राओं के साथ कई बार छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद कई रेस भी हुए थे लेकिन ढाक के तीन पात साबित हुआ और ठंडे बस्ते में मामला को दबा दिया गया कई बार मनचलों की शिकायत पुलिस के वरीय अधिकारियों व स्थानीय थाना को भी दी गई लेकिन मनचलों का पहुंच ऊपर रहने के कारण कोई भी कारवाई नहीं हो सकी जिससे हमेशा की तरह विद्यालय परिसर के आसपास मनचलों की काफी भीड़ देखी जाती है जिससे छात्राओं को आने जाने में काफी असहज महसूस कर रही है इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक शुक्ला सतगावां थाना में आवेदन देने की बात कही वहीं समाजसेवी मनोज भगत, दीपेश अग्रवाल, प्रवीण यादव, अखिलेश यादव, पप्पू चौधरी,विनोद यादव,अजीत यादव सहित दर्जनों लोगों ने मांग की है कि ऐसे असमाजिक तत्वों व मनचलों पर पुलिस कारवाई करें ताकि बच्चियां असहज महसूस न करें और निडर होकर पढ़ाई करें।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## इंडियन पब्लिक स्कूल सिंहपूर औरैया में मनाया गया बाल दिवस, खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



इंडियन स्कूल में बाल दिवस मनाते बच्चे एवं शिक्षक

इंडियन पब्लिक स्कूल सिंहपुर औरैया में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार का खेलों का आयोजन किया गया । इसमें क्रिकेट फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो ,धागा रेस, मेढक रेस इत्यादि शामिल रहे। क्रिकेट में वर्ग 4 एवं 5 के बच्चे भाग लिया। जिसमें वर्ग 5 के बच्चे विजेता बने। वहीं फुटब०ल मैच स्कूल के बच्चों को ग्रुप बनाकर ए और बी के बीच करवाया गया। जिसमें बी टीम ने विजय प्राप्त किया । विजेता टीम को पुरस्कार दिया गया। वहीं को रनर टीम को प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने इस अवसर पर गाना, डांस , चुट्कुले द्वारा अपने कला का प्रदर्शन किए। शिक्षकों ने बच्चो को बाल दिवस के बारे में संबोधित किया गया । साथ ही उन्हें शिक्षा से संबंधित बातें बताई गई । विद्यालय के प्रधानाध्यापक बासुदेव साव ने कहा की पंडित नेहरू को बच्चो से अगाध प्रेम था। इसलिए बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरु कहते थे। मौके पर शिक्षक मुकेश यादव, सुमन पांडेय, विजय कुमार यादव ,विजय कुमार , दीपक कुमार ,संतोष कुमार यादव, शिक्षिकाएं पिंकी देवी ,रंजू देवी संजू कुमारी आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने मनाया पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




खोड़ाहर में कांग्रेसियों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने पं. नेहरू की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु बच्चों के बहुत प्रिय थे, देश को आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मनोहर यादव, परमेश्वर यादव, छोटेलाल यादव, मनोज यादव, संजय साव, मनीष यादव, राजेश उरांव, गणेश मेहता, सुनील उरांव, संतोष यादव, प्यारेलाल यादव, इंद्रदेव यादव, अनिल यादव, मुकेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## नवोदय पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



केक काटकर पंडित नेहरू की जयंती मनाते एनपीएस के शिक्षक एवम बच्चे

नवोदय पब्लिक स्कूल एवं नवोदय कोचिंग सेंटर साधनापुरी बरही में बाल दिवस मनाया गया । इस अवसर पर खेलकूद प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। बैलून रेस में चौथी कक्षा का दिनेश कुमार विजेता हुए । च०कलेट रेस मैं नर्सरी क्लास के बालक ग्रुप में प्रथम ऋषभ कुमार, द्वितीय कुणाल कुमार, एलकेजी में प्रथम वंश कुमार एवं छात्रा में आराध्या कुमारी, यूकेजी कक्षा में मटका फोड़ रेस में प्रथम शुभम कुमार, द्वितीय अनुपा कुमारी, लंगडी दौड़ में प्रथम कक्षा में प्रथम करने वाले छात्र अंकित कुमार, द्वितीय दिव्यम कुमार, कक्षा दूसरी में प्रथम करने वाला छात्र स्वाभिमान सिंह, द्वितीय मोहम्मद हसनैन ,वर्ग तिसरा से छठा तक के विद्यार्थी को कबड्डी में साबिर कुरेशी की टीम विजेता बना । नवोदय कोचिंग में दसवीं क्लास के विद्यार्थी दौड़ में प्रथम राहुल कुमार ,द्वितीय अमन सोनी, नवी कक्षा में प्रथम राजेंद्र कुमार, द्वितीय शुभम कुमार, आठवीं कक्षा में प्रथम प्रेम कुमार, द्वितीय करण कुमार ने प्राप्त किया। सभी बच्चो ने केक कटकर पंडित नेहरू की जन्मदिवस मनाई। इस कार्य में शिक्षक नियाज उस्मानी, विकास कुमार शर्मा, संजय कसेरा, शिक्षिका मोनिका कुमारी ,दीपा वर्णवाल, गुलफसा परवीन ,सोनाली तिवारी, राखी कुमारी आदि ने सहयोग किया ।

## श्रीदश इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन, 22 प्रतिभागियों ने लिया भाग

### सुहानी सिन्हा एवं शुभम पांडेय ने पाई प्रथम स्थान, हुए पुरस्कृत







श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के पुरस्कृत बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ बरही के परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि रानी देवी, विशिष्ट अतिथि प्रीतम कुमार पाठक, दिवाकर पांडेय, विद्यालय के चेयरमैन कविता कुमारी, विद्यालय के प्राचार्य रोहित कुमार , सह प्राचार्य राकेश कुमार, समाजसेवी रंजीत चंद्रवंशी सहित मौजूद अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन शीतल केसरी ओंकार मिश्र एवं अमरजीत कुमार ने किया। सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। द्वीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के याद में केक काट्कर बाल दिवस मनाया। गायन प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें अंशु कुमारी अवनी सिंह, परी पांडे, मेघा कुमार, गूंज रानी, सुजल जयवाल, शुभम पांडे, अनंत कुमार, प्रीति कुमार, विराट कुमार, प्राची कुमारी, मोनिका कुमारी, सायना कुमारी, एमडी दानिश, निशु कुमारी, सुहानी कुमारी, जयिश इब्राहिम,स्वातिका सिंह,श्रुति प्रिया,रिया कुमारी,नाज़ परवीन,शिवम सिंह इसके उपरांत चयनित कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित कुमार ने "वोट ऑफ थैंक्स स्पीच" दी। जिन बच्चों ने गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया उनमें सुहानी सिन्हा व शुभम पांडे , द्वितीय पुरस्कार प्राची कुमारी व जायस इब्राहिम, तृतीय पुरस्कार सुजल जयसवाल व गुंजन कुमारी शामिल है।। मुख्य अथिति ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इन बच्चों ने अपनी गायकी से हम सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैं शुक्रगुजार हूं उन सभी का जिन्होंने इन बच्चों की प्रतिभा को निखार कर बाहर लाया। मौके पर सभी शिक्षक एवम बच्चे मौजूद थे।

## एंबीशन एकेडमी में धूम धाम से मनाई गई पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती



पंडित जवाहर लाल नेहरू




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड स्थित मलकोको पंचायत में संचालित एम्बिशन अकादमी में पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई । साथ ही अकादमी का अर्धवार्षिक परिक्षा का परिणाम पत्र घोषित किया गया। परिक्षा परिणाम का घोषणा कक्षा प्रथम से कक्षा छः वर्ग तक के बीच किया गया। जिसमें वर्ग पहला से प्रथम- शम्मा, द्वितीय- अप्सा, तृतिय- नेहा, वर्ग दूसरा से प्रथम- नवाब , द्वितीय- जावेद, तृतीय-आसियाना, वर्ग तीसरा से प्रथम- शाहनवाज, द्वितीय- गुलाम, तृतीय- शबनम, वर्ग चौथा से प्रथम- सोहना, द्वितीय- जैनब, तृतीय- निराली , वर्ग पांचवा से प्रथम- जसीम, द्वितीय- असलम, तृतीय- समीर, वर्ग छट्ठा से प्रथम- रोशमी, द्वितीय- मिस्बाबुल, तृतीय- हसनैन ने स्थान प्राप्त कर पूरे अकादमी में अपना नाम रौशन किया।वहीं उपस्थित अक. ादमी के संस्थापक अज़हरुद्दीन ने बताया कि एम्बिशन अकादमी एक मात्र कोचिंग संस्थान है जहाँ बच्चों के बीच हर तरह के शिक्षा को सिंचने का प्रयास कर रही है। वर्तमान समय में जिस प्रकार कई विद्यालयों मे किताबी शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा, कला शिक्षा एवं व्यवहारिक ज्ञान संचार किया जाता है। ठीक उसी प्रकार सुदूरवर्ती क्षेत्र में संस्थान द्वारा हर प्रकार की शिक्षा को सींच रही है। एम्बिशन अकादमी जो मात्र एक वर्ष में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के काबिलियत को निखारने में यथासंभव प्रयास कर रहा है। और भविष्य में आने वाले हरेक प्रकार के प्रतिस्पर्धाओं में भी सभी बच्चों को उनके योग्यनुसार उन्हें मौका देकर उनके काबिलियत को एक नया पहचान दिया जाएगा। साथ ही अकादमी के परीक्षा निरिक्षक के रूप में शोयब अख्तर ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय एवं अकादमी भेजने की प्रयास करें। बच्चों का पहला पाठशाला उनका घर और पहला अध्यापिका उनकी माँ होती है। इसलिए सभी अभिभावकों को अपने अपने बच्चों के हरेक कार्य पर ध्यान दें। उन्हें उनके आवश्यकता अनुसार पढ़ाई में सहायता करें। उनके अंदर छुपी हर कलाओं पे ध्यान दें। अध. 'वार्षिक परीक्षा का परिक्षा निरिक्षण के रूप में शोएब अख्तर ने सभी बच्चों को उनके प्राप्त अंक अनुसार आये प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों बच्चों को मैडल, च०कलेट और सन्तवाना पुरस्कार देकर हौशलाफजाई किया गया। परिणाम घोशणा के दौरान विद्यर्थियों के कई अभिभावक मौजूद रहे।

HOTEL
आकाश पैलेस
Contact No.:
9122662308
6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## डिवाइन स्कूल में बाल दिवस पर कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के प्रिय पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के पावन अवसर पर बाल दिवस मनाया गया। छात्रों ने राष्ट्रीय गीत, नृत्य, चाचा नेहरू पर कविता पाठ, नाटक की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया साथ ही छोटे बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आईपी भारती तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर किए। विद्यालय के निदेशक बच्चों को संबोधित करते हुए कहे कि नेहरू जी चाहते थे कि देश के स्कूल ऐसे बच्चे तैयार करें जो खुद के बजाय समाज के लोगों के लिए उपयोगी बने।प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि नेहरू जी का मानना था कि जब तक हम सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नहीं बनेंगे शिक्षा पूरी नहीं मानी जा सकती।इसलिए उनका जोर सांस्कृतिक शिक्षा पर भी था। डिवाइन संस्था के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ने कहा कि आज की शिक्षा बुद्धिमत्ता, तर्क और अनुभव पर आधारित होनी चाहिए। विद्यालय की छात्रा भुमिका कुमारी ने चाचा नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला।मंच संचालन सानिया यादव तथा रूही फातिमा ने किया। कविता पाठ,गीत प्रस्तुति, नृत्य में नन्दनी पांडे, जीया कुमारी, प्रिया कुमारी, परी साहु, मोनिका कुमारी, दिव्यांशी, प्रियांशी , सीमा कुमारी, अनुप्रिया ,समिक्षा पंडित, दिक्षा दानी,रीता कुमारी, साक्षी कुमारी, करन कुमार आदि को विद्यालय की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में काशीनाथ महतो,प्रीति प्रभा,मानती लकड़ा,देवेश चंद्रा,मनोहर कुमार सिंह, रामनन्दन कुमार, रविन्द्र गुप्ता, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर,कुलदीप पासवान, रूबी खातुन, सुलेखा मोदी, अजय कुमार, सी.वेलु, अविशेष कौशल आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## बाल दिवस पर सिंहपुर में प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता को बीईईओ ने किया पुरुस्कृत

### नेहरू जी के आदर्शो पर चलकर बच्चे देश का भविष्य गढ़े : राकेश सिंह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



दादपुर पंचायत के सिंहपुर में अवस्थित मध्य विद्यालय में बाल दिवस धूम धाम से मनाया गया । शिक्षको ने बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक व खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि बीईईओ राकेश कुमार सिंह उपस्थिति हुए। कार्यक्रम की शुरुवात बीईईओ राकेश कुमार व उपस्थित शिक्षको ने पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए प्राचार्य कमलेश कमल ने बताया कि गायन, भाषण, निबंध आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम तीन विजेताओं को बीईईओ राकेश कुमार ने मेडल देकर पुरुस्कृत किया और उनके मनोबल को बढ़ाया। बच्चो को सम्बोधित करते हुए बीईईओ राकेश सिंह ने कहा की पंडित नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस मनाया जाता है। श्री राकेश ने बच्चो से कहा कि आप पंडित नेहरू जी के दिखाए रास्ते पर चलाकर अपने प्रखण्ड, जिला, राज्य व देश का भविष्य गढ़े। बच्चो के साथ उनका स्नेह प्रेम इतना था कि सब कोई उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारा करते थे। ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजकुमार प्रजापति ने किया।। मौके पर विद्यालय के शिक्षक गौतम कुमार राणा ,अनिल कुमार महतो, प्रेम पासवान, ऋषि कपूर वर्मा, रागिनी कुमारी, मंजू कुमारी ,प्रभावती देवी, रिंकू कुमारी आदि शामिल हुए।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल तिलैया डैम मै मनाया गया बाल दिवस






**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा तिलैया डैम अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल मै एक कार्यक्रम बाल दिवस के उपलक्ष में रखा गया जिसमें बड़े धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया जहां मंच संचालन मनोज कुमार पंडित के द्वारा किया गया इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर सहदेव यादव तथा विद्यालय की शिक्षिका रेशमी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया गया तथा विद्यालय के हेड ब०य एवं हेड गर्ल के द्वारा केक काटकर पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस मनाया गया वही इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नेहरू जी के यादों को ताजा किया गया तथा विभिन्न खेल का आयोजन किया जहां विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कप तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया वहीं विद्यालय के बच्चों के द्वारा आर्ट एंड क्रफ्ट का आयोजन किया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपने टैलेंट से एक से बढ़कर एक आर्ट को विद्यालय कैंपस में प्रस्तुत किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार ने बताया कि जिस प्रकार से नेहरू ने बच्चों के प्रति लगाव था उस लगाव को अदि मनुष्य जीवन भर उस प्रेम बनाए रहे तो आपसी सद्भावना निरंतर मनुष्यों में बनी रहेगी इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मनीष कुमार, अर्जुन कुमार, मोहित कुमार, अश्वनी कुमार, रिंकी कुमारी, मोहित कुमार ,विवेक कुमार, शंकर कुमार, अनिता कुमारी, सुलोचना कुमारी, महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

### दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने टीबी बीमारी से बचाव को लेकर किया जागरूक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



जागरूकता अभियान में शामिल लोग

विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामो में सोमवार को अपराह्न लगभग दो बजे राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत संस्था ने जागरूकता रैली निक. ालकर टीबी बीमारी के लक्षणों तथा उसे बचाव के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। संस्था के सचिव दीपक तिवारी ने ग्रामीणों को बताया कि दो सप्ताह तक लगातार खांसी की शिकायत रहने पर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र जाकर मुफ्त में टीबी बीमारी की जांच कराएं। यदि टीबी बीमारी की पुष्टि हो जाए तो स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त दवाई भी मिलती है। इसके अलावा छह माह तक पौष्टिक भोजन के लिए प्रतिमाह 500 रुपये का भुगतान भी मरीज को किया जाता है। कहा कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रखंड के कई गांवों में भी जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग इसमें सहभागी बनकर अपने घर एवं आसपास के किसी भी व्यक्ति में लगातार खांसी की शिकायत का पता चले तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर समुचित इलाज करवाएं। अभियान में संस्था सचिव दीपक तिवारी, कौशल्या देवी, राहुल शर्मा, छत्रधारी ठाकुर, प्रभात कुमार, सहिया सरस्वती देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी समेत कई लोग शामिल थे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन






**अपेम लाइव चंदवारा**

बाल दिवस के अवसर पर आदर्श फाउंडेशन द्वारा बेंदी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतारा में पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में छठवीं से आठवीं क्लास के कुल 34 विद्यार्थी शामित हुए, प्रथम ,द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ, पंचम और छठवां स्थान पाने वाले विद्यार्थी सूरज कुमार, नीतीश कुमार, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, प्रतिमा कुमारी और रानी कुमारी को स्कूल के सचिव, शिक्षक एवं ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया, निबंध लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से लिखते हुए पेड़ों की हो रही कटाई के प्रति चिंता भी व्यक्त किया, आठवीं के विद्यार्थी सूरज कुमार ने कहा की हम सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने माता - पिता एवं सगे सम्बंधियों को जागरूक करने की जरूरत है, अगर जंगल इसी तरह उजड़ते रहे तो मानव का जीवन समाप्त हो जाएगा,हम सभी को पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग रहना है, निबंध लेखन के उपरांत पुरस्कार वितरण में सचिव सुरेश प्रसाद यादव, सहयोगी शिक्षक संजय कुमार रजक, चिंता मसोमात, बबीता देवी,राजेश कुमार,मनीष लहरी, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, राहुल कुमार सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे,

## वेक्टर क्लासेस में चाचा नेहरू की जयंती मनाई गई

### नेहरू के सपनो को पूरा करें आज के छात्र : राजेश कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस में सभी छात्र - छात्रओ ने बाल दिवस में जवाहर लाल नेहरू की जयंती एक दूसरे च०कलेट खिलाकर खुशियां मनाई। संस्थान के शिक्षक राजेश कुमार के कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से काफी लगाव, प्यार और स्नेह रखते थे। ऐसे में उनके जन्मदिन 14 नवंबर को देश भर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के युवा छात्र व बच्चो में चाचा नेहरू को भारत का भविष्य दिखते थे। मौके पर छात्र लक्ष्मी कुमारी, निशु कुमारी, विक्रम कुमार, निशु कुमारी, आकांक्षा कुमारी, अंजली कुमारी, प्रिती कुमारी, काजल कुमारी,अनीशा कुमारी , मनिषा कुमारी, दीपक कुमार, सचिन कुमार, शिवम कुमार ने बारी बारी से विशेष भाषण प्रसूस्त किया। शिक्षक अरुण कुमार, अधीर कुमार, दामोदर शर्मा एवं आर्यन गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 14-11-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## मनोज अकादमी मैं मनाया गया चाचा नेहरू जयंती

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




कोडरमा चंदवारा मदनगुनडी पंचायत स्थित द मनोज एकेडमी में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम में चाचा नेहरू के सिद्धांतों पर बच्चों को चलने के लिए निर्देशक के द्वारा बताया गया वही इस कार्यक्रम में संगीत तथा क्विज का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से दसम तक के बच्चे ने भाग लिया तथा विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया जान इस कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत केक काटकर किया गया बता दें कि पिछले वर्ष हुए मैट्रिक के परिणाम मैं इस एकेडमी के कई प्रतिभावान छात्र छात्राओं जिले में टॉप टेन में जगह बनाए थे इस मौके पर कोचिंग के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

## कर्णपुरा महाविद्यालय में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची का अध्ययन केंद्र बनाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


कृति नाथ महतो

बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र बनाया गया है। जेएसओयू (JSOU) रांची अध्ययन केंद्र कर्णपुरा महाविद्यालय का एससीपीए004 (SCPA004) सेन्टर कोड प्राप्त हुआ है। अब कर्णपुरा महाविद्यालय में विभिन्न 28 प्रकार का वोकेशनल कोर्स चलाने का आदेश प्राप्त हुआ है, नामांकन जारी है। वोकेशनल कोर्स में मुख्य तौर पर सर्टिफिकेट इन ईको०मर्स, सर्टिफिकेट इन लीगल अवेयरनेस, सर्टिफिकेट इन रूरल डेवलपमेंट, सर्टिफिकेट इन मीडिया मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन मास कम्युनिकेशन, सर्टिफिकेट इन अमानत एंड सर्वेइंग, डिप्लोमा इन अमानत एंड सर्वेइंग, डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन जीआईएस, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, डिप्लोमा इन रीजनल लैंग्वेज, डिप्लोमा इन उर्दू लैंग्वेज, डिप्लोमा इन काउंसलिंग, डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग, डिप्लोमा इन हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर, डिप्लोमा इन बेडसाइड असिस्टेंट, डिप्लोमा इन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन नेटरियोल०जी, डिप्लोमा इन योगा, डिप्लोमा इन नर्सरी टीचर ट्रेनिंग, डिप्लोमा इन रूरल मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन एचआर, पीजी डिप्लोमा इन रूरल मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन आईटी और पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन हैं। प्रभारी प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि अब कामकाजी व्यक्ति, व्यावसायी वर्ग एवं दैनिक जीवन में व्यस्त लोगों का इस झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के अंतर्गत कर्णपुरा महाविद्यालय में नामांकन करवा के अपने आगे की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। आगे प्रचार के द्वारा संपर्क नंबर भी जारी किया गया है जो 9123256770, 8084722474 है, इस पर विद्यार्थी संपर्क कर संबंधित वोकेशनल कोर्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

## सियरकोनी में इस्कान के संतों का जमावड़ा 15 को

### मायापूर बंगाल सहित कई क्षेत्रों से जुटेंगे भक्तगण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**


सियरकोनी में मंदिर निर्माण कार्य जारी

सियरकोनी की अब पहचान बदलने वाली है। 15 नवंबर को इस्कान से जुडे भक्ति वेदांता शिक्षालय निर्माण के प्रथम फेज में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगी। इस बात की जानकारी देते हुए भक्ति वेदांता शिक्षालय योजना के प्रमुख डा केशवानंद प्रभु ने बताया कि सियरकोनी में भगवान के मंदिर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही इसे आमजनों के लिए खोल दिया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इस्कान से जुडे सैकड़ों भक्तों का आगमन प्रस्तावित है। चौपारण प्रखंड से भी सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इस्कान के मुख्यालय मायापुर, पश्चिम बंगाल से त्रिदंड स्वामी परम पूज्य भक्ति राघव स्वामी जी महाराज का आगमन होगा। वे मुलरूप से कनाडा के निवासी हैं परन्तु प्रभु भक्ति में अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया है। बताया कि मंदिर पूजा के बाद दूसरे फेज में शिक्षालय, गुरुकुल, गोशाला, कृषि तथा नैचुरो. पैथी कार्य होंगे। बताते चलें कि सियरकोनी में समाजसेवी संजय सिंह, मुखिया बिनोद सिंह के परिजनों द्वारा चार एकड जमीन गुरुकुल निर्माण के लिए दान स्वरूप दिया गया है। इसी के तहत बडी भक्ति भाव से समस्त कार्य जारी हैं।




## ज्ञानोदय विकास स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ एवं बाल दिवस मनाया गया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : ज्ञानोदय विकास स्कूल बड़कागांव में बाल दिवस के मौके पर सोमवार से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ एवं जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता एवं बाल दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ महतो, विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी एवं प्राचार्य रियासत हसन ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ दशरथ महतो ने फीता काटकर किया। प्राचार्य रियासत हसन ने बच्चों के उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में पढ़ाई के साथ खेल का भी महत्व है, खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। दो दिवसीय आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक सहित अन्य खेलों में बच्चों ने हिस्सा लिया। बालक और बालिका वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। आगे उन्होंने बताया की इनमें टीम बनाई गई है जिसमें गांधी हाउस, टैगोर हाउस, अम्बेडकर हाउस तथा विवेकानन्द हाउस शामिल है। प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, कबड्डी, खोखो, आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका विद्यालय के पीटी शिक्षक सौरव कुमार रंजन, राजू राणा तथा अनीता कुमारी ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में उप प्राचार्य अरुण कुमार भारती, शिक्षकों में लालदेव महतो, अनामिका कुमारी, तोहिद आलम, संजय दांगी, रिचा वर्मा, कुलदीप राणा, ईश्वर दयाल महतो, अर्सला नाहिद, इंदु कुमारी, रूपा कुमारी, मीना कुमारी, साबिया प्रवीण, रिंकी कुमारी, सुजाता शर्मा, नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजेश जायसवाल ने अहम भूमिका निभाई।

## बाल दिवस पर आपदा मित्रों का अनुठा प्रयास

### बच्चों के लिए निश्शुल्क कंप्यूटर, गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की शिक्षा आरंभ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



आपदा मित्र पुस्तकालय में बाल दिवस पर माटी का फर्ज के तहत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए इंग्लिश, विज्ञान और गणित तथा कंप्यूटर की निश्शुल्क शिक्षा आरंभ की गई। इसके पूर्व अतिथियों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुरुआत किया। बच्चों ने उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों का विस्तार से चर्चा किया। अतिथि एनबीजेके प्रबंधक बीरेंद्र सिंहा, मासुम चौरिटेबल ट्रस्ट प्रबंधक बदरुल जमाल, डा अशोक कुमार, शिक्षक बद्दी उज्जमा, रघु बरई, आपदा मित्र बिनोद स्वर्णकार, रोहित जैन, हेमंत साहु, दिलीप राणा,रवि सिंह,शिक्षक नीरज, आशीष,विकास, चंदन आदि ने कंप्यूटर तथा अन्य शिक्षण व्यवस्था को बच्चों को समर्पित किया। इस बात की जानकारी देते हुए आपदा मित्र रोहित ने बताया कि अंग्रेजी की शिक्षा अमेरिका समस्त सेवा आपसी सहयोग से संचालित हो रहा है। इसमें अमेरिका में कार्यरत मुकेश कुमार के सौजन्य से तथा कंप्यूटर, गणित और विज्ञान डीएसपी केदार राम, नाजिर अख्तर, प्रमोद केशरी और अशोक कुमार के सौजन्य से होगा। इसमें 180 बच्चों को सहयोग मिलेगा। मौके पर बडी संख्या में बच्चे तथा शिक्षक और आपदा मित्र मौजूद थे।

## कल जीवन सवेरा फाउंडेशन के तहत फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर चंदवारा पश्चिमी पंचायत के लोकप्रिय, समाजसेवी, और युवा मुखिया आदरणीय संतोष कुशवाहा जी के सहयोग से जीवन सवेरा फाउंडेशन के बैनर तले एक मुफ्त हेल्थ जांच शिविर का आयोजन दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से पंचायत सचिवालय चंदवारा पश्चमी में किया जा रहा है। जिसके तहत ब्लड, शुगर, बी. पी के साथ साथ आपके शारीरिक जांच, जिले के अनुभवी डॉक्टरों की टीम के द्वारा बिल्कुल मुफ्त में की जाएगी। इसके अलावा महिलाओं, और लड़कियों को जागरूक करने हेतु, लेडीज डॉक्टर के द्वारा एक जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा उक्त जानकारी जीवन सवेरा फाउंडेशन के डायरेक्टर उदय चंद्र किशोर के द्वारा दिया गया

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने गोंदलपुरा गांव में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपूरा दुर्गा मंडप से बस्ती होते हुए दुर्गा मंडप तक संपर्क मार्ग की जर्जर हालत से परेशान लोगों को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। डीएमएफटी मद से लगभग एक करोड़ लागत राशि से सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान होने के पश्चात रविवार को जर्जर सड़क का विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास पूर्व कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के साथ फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया । इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं और जिस भी ग्राम में सड़कों का निर्माण बच गया है वहां भी सड़कों का निर्माण जल्द कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास के मामले मे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं उन्होंने सड़क निर्माण करा रहे अधिकारी और संवेदक को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही लोगों से निर्माण कार्य में सहयोग करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया बासुदेव यादव, उप मुखिया रवि कुमार, लालचंद यादव, त्रिलोकी साव, वार्ड सदस्य यशोदा देवी,विधायक अंचल एवं ब्लाक प्रभारी सुरेश महतो,नरेंद्र यादव, संतोष यादव, जग्गू महतो, कोमल महतो, परमेश्वर महतो, फागुन गोप,चरण गोप, यशोदा देवी, आरती देवी, मृदुला देवी समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## बाल दिवस पर याद किए गए चाचा जवाहरलाल नेहरू






**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

बाल दिवस पर सोमवार को प्रखंड के कई शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों के चाचा कहे जाने वाले जवाहरलाल नेहरू याद किए गए। इस मौके पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदानों और बच्चों से खास लगाव को लेकर चर्चा की गई। प्रखंड के गुरूग्राम पब्लिक स्कूल, बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल आदि में बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, म्यूजिकल चेयर रेस, जलेबी रेस, स्पून रेस समेत कई तरह की खेल प्रतियोगिताएं हुई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी, समाजसेवी राजेश प्रसाद, गुरू प्रसाद साव, प्राचार्य सुभाष कुमार आदि ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया। वहीं, बाल विकास विद्यालय में बाल दिवस पर बच्चों ने भाषण, कविता एवं गीतों की आकर्षक प्रस्तुति की। जिसे लोगों ने काफी सराहा। संस्थापक नवल किशोर वर्मा ने कहा कि बच्चों से खासा लगाव के कारण हीं उन्हें चाचा नेहरू की उपाधि दी गई। वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भी बने। बच्चों के बीच चाकलेट तथा मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। मौके पर उदित कुमार, विजय वर्णवाल, निक्की देवी, कुमकुम वर्णवाल, आस्था देवी, अनिता देवी, रिंकी देवी, रोशनी कुमारी, पम्मी कुमारी, बिंदु कुमारी, रिया कुमारी, रिमी कुमारी, हेमंती देवी, सीमा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## सनसाइन एकेडमी में धूम धाम से मनाई गई चाचा नेहरू की जयंती







**अपेम लाइव : डोमचांच**
**राजेश मेहता**

डोमचांच में सोमवार को हमारे विद्यालय सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर और सरस्वती वंदना के साथ किया गया तत्पश्चात कई रंगारंग कार्यक्रमों के साथ दिबल कतमे बवउचमजप. जपवद और नाटक भी प्रस्तुत किए गए स आज के दुर्घटनाओं और मीडिया के प्रभाव पर आधारित नाटकों ने लोगों के मन को मोह लिया स प्रस्तुत नाटक नवम वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए वर्ग षस्थ सप्तम अष्टम और नवम वर्ग की छात्र छात्राओं के द्वारा कई आकर्षक भाव नित्य प्रस्तुत किए कार्यक्रमों के बीच में विद्यालय में मासिक टेस्ट परीक्षा और गणित दौड़ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया । विद्यालय के उप प्राचार्य कन्हैयालाल और निदेशक पंकज कुमार कन्वे ने संयुक्त रूप से मंच संचालन का कार्य किए वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के विकास का सारांश अपने भाषण के द्वारा प्रस्तुत किया कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश बरनवाल निदेशक पंकज कुमार कन्वे प्रबंधक सुनील कुमार चक्रम उप प्राचार्य कन्हैयालाल वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार मेहता संजय पांडे मिथुन कुमार यादव अजय कुमार रूपा मिस नेहा मुस्कान लवली कोमल एवं रितु मैम ने अपना अहम योगदान दिया ।

## राज्य संपोषित 10+2 उच्च विद्यालय बासोडीह में मनाया गया बाल दिवस

**अपेम लाइवः सतगावा**



सतगावां प्रखंड के राज्य संपोषित 10+2 उच्च विद्यालय बासोडीह में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं सांस्कृतिक और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में कक्षा आठ से दशम व बारहवीं वर्ग के पच्चास से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। बालिका वर्ग में खुशी कुमारी प्रथम स्थान एवं कृति कुमारी को द्वितीय स्थान तथा तान्या कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बीइइओ साहेब शकील अहमद एवं बाल अधिकारों के प्रति विस्तृत जानकारी दिया व सीडीप.ीओ संतोष कुमार ने सरकार के द्वारा संचालित योजना सावित्री बाई फुले के बारें में जानकारी दी गई तथा शिक्षकों द्वारा काव्य पाठ का प्रस्तुति किया गया।बाल दिवस के अवसर पर शिक्षक अखिलेश कुमार शुक्ल ने बच्चों को भी संबोधित किया। मौके पर शिक्षकों में अखिलेश कुमार शुक्ल, सुनील दास, हिमांशु सिंह, वसंत मेहता,अजीत कुमार,पोषण अभियान के पप्पू कुमार,राजद युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण यादव सहित आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का शिक्षक अधिगम सामग्री आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अपेम लाइवः सतगावा**




सतगावां - प्रखंड संसाधन केंद्र में अरविंदो सोसाइटी के द्वारा विगत वर्षो से शिक्षा शून्य निवेश में नवाचार विषय पर अरविंदो सोसाइटी की तरफ से परियोजना आधारित अधिगम पर सोमबार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक भाग लिए। जिला से आए ट्रेनर नारायण सिंह के द्वारा विभिन्न बातों पर चर्चा किए। बच्चों को 21वी सदी कौशल के साथ जोड़ना ताकि बच्चों की सर्वागीण विकास हो सके, बच्चों को आलोचनात्मक शिक्षण, तार्किक क्षमता ,लीडरशिप क्वालिटी ,भावनात्मक विकास, शारीरिक विकास तथा बौद्धिक विकास को बढ़ाना ही उद्देश्य हैं। ट्रेनिंग में एन सी एफ-2005 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं एक पाठ्यक्रम पर चर्चा परिचर्चा हुई। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद थे ,प्रखंड संसाधन केंद्र से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद, बीपीओ अशोक कुमार उपाध्याय, समावेशी शिक्षक उमेश कुमार यादव, संकुल संसाधन सेवी सज्जाद आलम, प्रखंड साधन सेवी संतोष कुमार लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ के सिरैय पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का आयोजन

### दो सखी मंडलों को मिला साढ़े तीन लाख रुपए का चेक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



शनिवार को शिविर में लाभुकों को चेक की डमी सौंपते जनप्रतिनिधि

प्रखंड के सिरैय पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड का यह अंतिम शिविर था। शिविर का उद्‌घाटन जिप सदस्य शेख तैयब, प्रमुख जैबुन निशा, मुखिया हेमंती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, सीओ रामबालक कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने दीप जलाकर किया। शिविर में ग्रीन राशन कार्ड के 62, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 190, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 41, सर्वजन पेंशन योजना के 75, केसीसी के 10, भू लगान के 25, राशन कार्ड में नाम जोड़ने हटाने के 63, दाखिल खारिज के 14 मामले आए। इसके अलावा शिविर में जेएसएलपीएस के माध्यम से दो सखी मंडल के बीच तीन लाख पचास हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। शिविर में सभी विभागों को मिलाकर कुल 515 मामले प्राप्त किए गए। जिसमें 108 मामलों का त्वरित निष्पादन तथा 407 मामले लंबित रह गए। जिसे बाद में छानबीन कर निष्पादित किया जाएगा। शिविर में कई जरूरतमंदों के बीच कंबल तथा राशन कार्ड धारकों के बीच मुख्यमंत्री धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि इस शि. विर से आम जनता को काफी लाभ मिल रहा है। कई मामलों का त्वरित निष्पादन हो जा रहा है। बिचौलियागिरी पर अंकुश के साथ-साथ बंद कमरे से पदाधिकारी बाहर निकलकर आमलोगों के बीच समस्याओं को निष्पादित कर रहे हैं। बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव ने कहा कि सरकार की यह योजना काफी सराहनीय है। इससे लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। मौके पर मो बेलाल अंसारी, मिठू यादव समेत कई लोग मौजूद थे।